एसीबी ने यूआईडीएआई भारत सरकार के सहायक महानिदेशक को 1 लाख रूपये की रिश्वत लेते नई दिल्ली के क्षेत्रीय कार्यालय से किया गिरफ्तार

जयपुर,20 अप्रैल। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) कोटा टीम ने मंगलवार को कार्यवाही करते हुए भारत सरकार के यूआईडीएआई (UIDAI) भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के नई दिल्ली स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में कार्यरत सहायक महानिदेशक पंकज गोयल को 1 लाख रुपए की रिश्वत लेते नई दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय से रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो महानिदेशक श्री बी.एल.सोनी ने बाताया कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कार्यालय कोटा में परिवादी ने यह शिकायत दी कि उसके द्वारा आधार पहचान पत्र बनाने की फ्रेन्चाइजी के लिए कई बार आवेदन करने के पश्चात भी उसे फ्रेन्चाइजी नहीं मिली, एवं परिवादी का सहायक महानिदेशक पंकज गोयल से सम्पर्क होने पर सहायक महानिदेशक पंकज गोयल उसे (परिवादी को) फ्रेन्चाइजी आवंटित करने के लिए रिश्वत की मांग कर रहा है। उल्लेखनीय है कि पंकज गोयल पांच राज्यों में आधार पहचान पत्र का कार्य देख रहे है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अतिरिक्त महानिदेशक श्री दिनेश एमएन के निर्देशन में एसीबी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटा टीम क श्री चन्द्रशील ठाकुर, के नेतृत्व में उक्त शिकायत का सत्यापन करवाकर।एवं दिल्ली क्षैत्रीय कार्यालय में जाल बिछाया कर आज ट्रेप की कार्यवाही करते हुये पंकज गोयल पुत्र श्री केदारनाथ गोयल, उम्र 43 साल, जाति महाजन (अग्रवाल) नि0 सी-403, सेन्ट्रल गर्वमेन्ट रेजीडेन्शियल कॉम्पलेक्स, डीडीयू मार्ग, नई दिल्ली हाल सहायक महानिदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय भारतीय विशिष्ठ पहचान प्राधिकरण, नई दिल्ली को 1 लाख रूपये की रिश्वत राशि परिवादी से लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा श्री पंकज गोयल से पूछताछ की जा रही है व भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।